हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 3 जून 2026

06 45 साल से रह रहे परिवारों को बेदखली का डर...



07 भौरट बांध से सरकारी लोहा चोर गिरोह पर गैंगस्टर एक्ट





## खबर संक्षेप

### सीहोर में यूथ साइकिलिंग इवेंट 3 को

**सीहोर।** खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार माय भारत सीहोर एवं हिताय संस्था द्वारा विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर युवाओं में स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 3 जून को सीहोर के आवासीय स्कूल पर प्रातः 06 बजे यूथ साइकिलिंग इवेंट का आयोजन किया जाएगा। इस साइकिलिंग इवेंट में भाग लेने के लिए इच्छुक युवा पंजीयन पोस्टर में दिए गये क्यू आर कोड के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं। इसके अलावा मोबाइल नंबर 8878703926 पर व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं। इवेंट में सहभागिता करने वाले युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की सामूहिक शपथ भी दिलाई जाएगी।

### शासकीय कर्मचारी संघ अपनी मांगों के समर्थन में सौंपेगा ज्ञापन

**सीहोर।** मध्य प्रदेश लिपिक वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी के आव्हान पर म.प्र. शासन के सहायक वर्ग 3 के लिये सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण करने के आदेश चाहे वह सहायक वर्ग 3 सीधी भर्ती अथवा अनुकम्पा नियुक्ति के माध्यम से लगा हो। विगत दिनों म.प्र.शासन द्वारा ऐसे सहायक वर्ग 3 जिनकी आयु सीमा 40 वर्ष से अधिक हो गई हो, उनके लिये भी सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया है। राज्य शासन के इन निर्देशों के विरोध में म.प्र.लिपिक वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की प्रांतीय शाखा द्वारा दिनांक 8 जून 2026 को दोपहर के समय सतपुड़ा, विंध्याचल भवन पर एकत्रित होकर ज्ञापन सौंपा जावेगा।

### पढ़ाई जारी रखने की विद्यार्थियों से की गई अपील

**सीहोर।** सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की कॉलेज चलो अभियान समिति द्वारा 12वीं पास सभी विद्यार्थियों से उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने और आगे की पढ़ाई निरंतर जारी रखने की अपील की गई है। इस अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने किसी कारणवश अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ दी है उनके लिए पुनः शिक्षा से जुड़ने के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यदि किसी आर्थिक, पारिवारिक, सामाजिक या अन्य कारण से विद्यार्थी की पढ़ाई रुक गई है तो वे आगे आए और कॉलेज में प्रवेश लें। समिति द्वारा अपील की गई है कि विद्यार्थी की प्रवेश शुल्क, छात्रवृत्ति, दस्तावेज या अन्य किसी भी विषय से संबंधित समस्या को वे कॉलेज जाकर बताएं।

### तेज बारिश के कारण शहर की सड़कें पानी से तरबतर हुईं

# तेज हवाओं संग झमाझम बारिश, गर्मी से मिली राहत, मानसून की दस्तक के संकेत

सोमवार सुबह से ही सीहोर और आसपास के क्षेत्रों में तेज धूप का असर बना हुआ था। दोपहर तक उमस और गर्मी के कारण लोग घरों से बाहर निकलने में असहज महसूस कर रहे थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में सोमवार को मौसम ने अचानक करवट लेते हुए लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई। दोपहर तक तेज धूप और उमस से लोग परेशान थे, लेकिन दोपहर बाद आसमान में घने काले बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई और वातावरण में ठंडक घुल गई। मौसम के इस बदले हुए मिजाज ने लोगों को राहत की सांस लेने का अवसर दिया।

सोमवार सुबह से ही सीहोर और आसपास के क्षेत्रों में तेज धूप का असर बना हुआ था। दोपहर तक उमस और गर्मी के कारण लोग घरों से बाहर निकलने में असहज महसूस कर रहे थे। बाजारों और सड़कों पर भी गर्मी का असर साफ दिखाई दे रहा था। हालांकि दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली और आसमान में काले बादल छा गए। इसके साथ ही तेज हवाएं चलना शुरू हुईं और कुछ ही देर में बारिश का दौर शुरू हो गया।

**बारिश से भीगी सड़कें, लोगों ने लिया मौसम का आनंद:** तेज बारिश के कारण शहर की सड़कें पानी से तरबतर हो गईं। कई स्थानों पर लोगों ने बारिश का आनंद लिया और लंबे समय बाद मौसम में आई ठंडक का स्वागत किया। बच्चों और युवाओं में बारिश को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। वहीं दुकानदारों और राहगीरों को अचानक हुई बारिश के कारण कुछ देर के लिए आश्रय लेना पड़ा।

#### कई दिनों की तपिश से मिली राहत

पिछले कई दिनों से जिले में लगातार तेज गर्मी और उमस का असर बना हुआ था। दिन के समय तापमान बढ़ने से जनजीवन प्रभावित हो रहा था। सोमवार को हुई बारिश के बाद मौसम काफी सुहावना हो गया। ठंडी हवाओं के चलते लोगों को राहत मिली और शाम तक वातावरण में ताजगी बनी रही। मौसम में आई इस नरमी का असर लोगों के चेहरों पर भी साफ दिखाई दिया।

#### प्री-मानसून गतिविधियों का असर

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार जून के शुरुआती दिनों में इस प्रकार की बारिश और गरज-चमक प्री-मानसून गतिविधियों का हिस्सा होती है। दिनभर की तेज गर्मी के कारण जमीन अत्यधिक गर्म हो जाती है, जिससे गर्म हवा तेजी से ऊपर उठती है। वातावरण में मौजूद नमी के साथ यह प्रक्रिया स्थानीय स्तर पर घने बादलों का निर्माण करती है, जो बाद में तेज हवाओं और बारिश का कारण बनते हैं।

#### मानसून आगमन के मिले संकेत

आरएके कॉलेज के मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य गति से आगे बढ़ रहा है। यदि इसकी वर्तमान रफ्तार बनी रहती है तो 15 से 20 जून के बीच मानसून मध्य प्रदेश में प्रवेश कर सकता है। इससे पहले प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में प्री-मानसून बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है।

#### किसानों के लिए भी राहत भरी खबर

मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार सीहोर जिले में 20 से 22 जून के बीच मानसून सक्रिय हो सकता है। तब तक रुक-रुक कर होने वाली प्री-मानसून बारिश खेतों में नमी बढ़ाने का काम करेगी। इससे खरीफ सीजन की तैयारियों में जुटे किसानों को लाभ मिलेगा। फिलहाल सोमवार की बारिश ने न केवल मौसम को सुहावना बनाया है बल्कि लोगों को भीषण गर्मी से राहत देकर मानसून के आगमन की उम्मीदों को भी मजबूत कर दिया है।

#### अरब सागर से आई नमी बनी वजह

आरएके कॉलेज में मौसम विशेषज्ञ एसएस तोमर का कहना है कि अरब सागर से आने वाली पश्चिमी हवाओं में इस समय पर्याप्त नमी मौजूद है। जब यह नमी स्थानीय गर्म वातावरण के संपर्क में आती है तो मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिलता है। सोमवार को हुई बारिश भी इसी मौसमीय प्रक्रिया का परिणाम मानी जा रही है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि आने वाले दिनों में भी इस तरह की गतिविधियां जारी रह सकती हैं।

# एक किलो से अधिक गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

### नशे के कारोबार पर नलखेड़ा पुलिस का प्रहार

**नलखेड़ा।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक आगर मालवा दिलीप कुमार सोनी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सुसनेर देवनारायण यादव के मार्गदर्शन में लगातार विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना नलखेड़ा पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को अवैध गांजा सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। रविवार को थाना नलखेड़ा पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम धधेड़ा निवासी एक व्यक्ति लाल-काले रंग की हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल से अवैध गांजा लेकर नलखेड़ा क्षेत्र की ओर आने वाला है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना नलखेड़ा पुलिस द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर काकड़ का नाला, गुदरावन एवं पड़ाना मार्ग के मध्य विधिवत नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए एवं वाहन के अनुसार एक मोटरसाइकिल आती दिखाई दी, जिसे पुलिस टीम द्वारा रोककर पूछताछ की गई। चालक ने अपना नाम लखन यादव पिता देवीसिंह यादव उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम धधेड़ा थाना नलखेड़ा बताया। पुलिस द्वारा नियमानुसार वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण कर आरोपी एवं उसके सामान की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी द्वारा शर्ट के अंदर छिपाकर रखे गए झोले से



अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। बरामद मादक पदार्थ का इलेक्ट्रॉनिक कांटे से वजन कराया गया, जो कुल 1.150 किलोग्राम पाया गया। मौके पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अवैध गांजा, मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन एवं नगदी राशि जप्त की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध थाना नलखेड़ा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी से गांजे के स्त्रोत, आपूर्ति श्रृंखला एवं संभावित अन्य संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक नागेश यादव, सउनि दरबार सिंह, प्रधान आरक्षक शंभूसिंह जाट, प्रधान आरक्षक राजेश डांगी, आरक्षक तूफान डांगी, आरक्षक अतेंद्र यादव एवं थाना नलखेड़ा पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।

### पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पात्रता के आधार पर जारी हुआ आदेश

# आगर मालवा पुलिस में 7 आरक्षकों को कार्यवाहक प्रधान आरक्षक का प्रभार प्रदान किया गया

अनुभव, कार्यकुशलता एवं वरिष्ठता को मिला सम्मान, पुलिस बल का बढ़ेगा मनोबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं पुलिस उप महानिरीक्षक उज्जैन रेंज, उज्जैन से प्राप्त अनुमोदन के उपरांत पुलिस अधीक्षक आगर मालवा दिलीप कुमार सोनी द्वारा जिले के 07 आरक्षकों को स्थानापन्न रूप से कार्यवाहक प्रधान आरक्षक (जीडी) का प्रभार प्रदान किए जाने संबंधी आदेश जारी किए गए हैं। उक्त आदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्धारित प्रक्रिया, पात्रता एवं उपयुक्तता मानकों के अनुरूप जारी किया गया है। कार्यवाहक प्रभार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को उनके वर्तमान पदस्थापन स्थल पर ही पूर्ववत पदस्थ रखते हुए प्रधान आरक्षक के दायित्व सौंपे गए हैं। कार्यवाहक प्रधान आरक्षक का प्रभार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों में महिला थाना से आरक्षक सुनीता गामड़ एवं आरक्षक ललित धाकड़, यातायात शाखा से आरक्षक रिजवान खान एवं आरक्षक योगेन्द्र सिंह कटारे, थाना सोयतकलां से आरक्षक शिवसिंह दांगी, थाना नलखेड़ा से आरक्षक रविशंकर चौहला तथा संबद्ध कार्यालय पुलिस उप महानिरीक्षक उज्जैन से आरक्षक जितेन्द्र पाटीदार शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने कार्यवाहक प्रभार प्राप्त करने वाले सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा व्यक्त की है कि वे अपने नवीन दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, अनुशासन, जिम्मेदारी एवं प्रोफेशनल दक्षता के साथ करेंगे तथा पुलिस विभाग की कार्यक्षमता एवं जनसेवा को और अधिक सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उक्त आदेश से जिले के पुलिस बल में उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है। कार्यवाहक प्रभार प्राप्त अधिकारियों-कर्मचारियों ने पुलिस मुख्यालय एवं जिला पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं समर्पण के साथ करने का संकल्प व्यक्त किया है।

# जैन समाज के सुश्रावक कैलाशचंद बडेरा का निधन

### अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिक हुए शामिल


हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज के धर्मनिष्ठ सुश्रावक तथा रमेशचंद, मनोहर, भाजपा नेता महेंद्र बडेरा के बड़े भाई एवं मनोज, संजय बडेरा के पूज्य पिताजी कैलाशचंद बडेरा का सोमवार रात्रि को देवलोक गमन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा मंगलवार को प्रातः 9 बजे उनके निवास स्थान श्री गुप्तेश्वर मंदिर के पास से निकाली गई। बड़ी संख्या में नगरवासियों, समाजजनों, इष्ट मित्रों व रिश्तेदारों ने भाग लेकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। मुक्तिधाम पर उनके पुत्रों तथा परिवारजनों ने उन्हें मुखाग्नि दी गई।

## भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मकवाना का निधन

**नलखेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामचन्द्र मकवाना का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को निधन हो गया। श्री मकवाना लंबे समय से अस्वस्थ थे, उन्होंने मंगलवार दोपहर अंतिम सांस ली। सायं उनके निवास स्थान विनोबा मार्ग से अंतिम यात्रा निकली। मुक्तिधाम पर उनके पुत्रो व परिजनों द्वारा मुखाग्नि दी गई।



# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने हेतु दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को कलेक्टर प्रीति यादव ने जिला मुख्यालय पर नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में कुल 74 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष आवेदनों को आवश्यक कार्रवाई एवं शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित किया। ग्राम खेड़ा सुंडी निवासी उदेसिंह ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने हेतु आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि वे कृषक हैं तथा योजना की पात्रता रखते हैं, लेकिन अब तक लाभ से वंचित हैं। कलेक्टर ने तहसीलदार आगर को पात्रता की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्राम बड़गोन निवासी राहुल वर्मा ने विद्युत बिल संबंधी समस्या को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदक ने बताया कि उनके पिता का तीन वर्ष पूर्व निधन हो चुका है तथा उनके नाम से लगा विद्युत मीटर भी बंद है, इसके बावजूद लगातार बिजली बिल जारी किए जा रहे हैं। कलेक्टर ने प्रकरण के निराकरण हेतु विद्युत विभाग के अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए।



**गैस कनेक्शन बंद होना बताकर सिलेंडर देना बंद कर दिया:** आगर के राम मालीपुरा निवासी बंटी चौधरी ने गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराए जाने संबंधी शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि इंडेन गैस एजेंसी से विधिवत गैस कनेक्शन लेने के बाद नियमित रूप से सिलेंडर प्राप्त हो रहे थे, किंतु पिछले कुछ महीनों से एजेंसी द्वारा गैस कनेक्शन बंद होना बताकर सिलेंडर देना बंद कर दिया गया है। कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी को मामले की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम गणेशपुर निवासी बसंती बाई ने अपनी भूमि पर अवैध कब्जा हटवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि सीमांकन के दौरान उनकी स्वामित्व वाली भूमि पर अन्य व्यक्ति का अवैध कब्जा पाया गया था। कलेक्टर ने तहसीलदार सोयतकलां को आवश्यक कार्रवाई कर प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्राम लाडोन निवासी रमेश ने कृषि भूमि तक आने-जाने का मार्ग खुलवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि पड़ोसी कृषकों द्वारा तार फेंसिंग कर खेत तक पहुंचने वाला एकमात्र रास्ता बंद कर दिया गया है, जिससे कृषि कार्यों में कठिनाई हो रही है। आगामी खरीफ सीजन में कृषि यंत्रों के आवागमन में भी परेशानी होगी। कलेक्टर ने तहसीलदार नलखेड़ा को मौके पर निरीक्षण कर समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बी.एस. सोलंकी, एडीएम आर.पी. वर्मा, एसडीएम आगर मिलिंद ढोंके,सुसनेर किरण बरबड़े, डिप्टी कलेक्टर सर्वेश यादव, प्रेमनारायण परमार सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, तहसीलदार एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहे।

# शासकीय आईटीआई नलखेड़ा में प्रवेश प्रक्रिया हुई प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) नलखेड़ा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रोजगार, रेलवे एवं अग्निवीर जैसी सेवाओं में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए यह सुनहरा अवसर है। संस्थान के प्राचार्य अनिल सौराष्ट्रीय ने बताया कि आईटीआई का नवीन भवन बल्डावदा हनुमान मंदिर एवं सीएम राइज स्कूल के समीप बनकर तैयार हो चुका है। आगामी सत्र से प्रशिक्षण गतिविधियां इसी भवन में संचालित होंगी, जहां विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। संस्थान में इलेक्ट्रीशियन ट्रेड की 40 सीटें, फैशन डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी की 20 सीटें तथा वेल्डर ट्रेड की 20 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। इलेक्ट्रीशियन एवं फैशन डिजाइन ट्रेड के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं तथा वेल्डर ट्रेड के लिए 8वीं उत्तीर्ण निर्धारित है। दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए छात्रावास सुविधा भी उपलब्ध है। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग करना अनिवार्य है। आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून 2026 निर्धारित की गई है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए शासकीय आईटीआई नलखेड़ा पर संपर्क किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर से मिला योग संस्थान प्रतिनिधिमंडल



**देवास।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को भव्य रूप से मनाने के संबंध में दिव्य योग संस्थान के संस्थापक योग गुरु राजेश बैरागी के सानिध्य में संस्थान के एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर ऋतुराज सिंह से मुलाकात कर चर्चा की। चर्चा के दौरान कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने आयोजन के प्रति सहमति व्यक्त करते हुए बताया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में योग साधकों एवं नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में योग साधक अनिल राज सिंह सिकरवार, वरिष्ठ योग साधक अनूपसिंह जादौन, डॉ. लक्ष्मीनारायण मारु कुमावत, वरिष्ठ योग साधक अभिषेक जैन तथा वरिष्ठ योग साधक मुकेश कामदार शामिल रहे।

### महाराणा प्रताप मूर्ति अनावरण को लेकर घर-घर पहुंचा रहे निमंत्रण

**भौरासा।** ग्राम नांदेड़ में आयोजित होने वाले वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा अनावरण समारोह को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसी क्रम में नांदेड़ से पहुंचे राजपूत समाज के प्रतिनिधियों ने भौरासा नगर में घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र वितरित किए और समाजजनों को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया।कार्यक्रम की शुरुआत भौरासा फाटे पर स्थापित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। आयोजन समिति के अनुसार बुधवार, 17 जून को दोपहर 3 बजे पूजन एवं प्रतिमा अभिषेक किया जाएगा। वहीं शाम 6 बजे से भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा।गुरुवार, 18 जून को शाम 4 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसके पश्चात शाम 5 बजे महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा।

### मकान के मालिकाना हक की लड़ाई में छलका दर्द, कलेक्टर कार्यालय में महिला बेहोश

# 45 साल से रह रहे परिवारों को बेदखली का डर, रजिस्ट्री की मांग लेकर पहुंचे रहवासी

कलेक्टर ने समस्या सुन आश्वस्त किया कि मामले की जांच की जाएगी।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

जवाहर नगर की गजरा सेक्टर एलआईजी में रहने वाले श्रमिक वर्षों पुरानी आवासीय समस्या को लेकर अपने परिवार जनों के साथ मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे।उस दौरान उनकी समस्या भावनात्मक मोड़ पर पहुंच गई, जब मकानों के मालिकाना हक की मांग को लेकर पहुंचे प्रतिनिधिमंडल की एक महिला सदस्य अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी। मौके पर मौजूद महिलाओं ने पानी के छींटे मारकर और हवा कर उन्हें होश में लाने का प्रयास किया। कुछ मिनट बाद होश में आईं विद्या शर्मा भावुक होकर रो पड़ीं और बोलीं, रमकान की चिंता में सुबह से खाना नहीं खाया। अगर मैं मर जाऊं तो मेरा शव कंपनी में ले जाना। घटना के बाद वहां मौजूद अन्य रहवासी भी भावुक हो गए और वर्षों से चले आ रहे विवाद को लेकर अपनी पीड़ा व्यक्त की।

कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने रहवासियों को आश्वस्त किया कि मामले की जांच कर न्यायसंगत समाधान निकाला जाएगा। रहवासियों का कहना है कि गजरा गियर्स लिमिटेड ने वर्षों पहले कर्मचारियों को हायर परचेज स्कीम के तहत मकान उपलब्ध कराए थे। योजना के अनुसार आठ वर्ष की सेवा पूरी करने वाले कर्मचारियों के वेतन से 15 वर्षों तक 10 प्रतिशत राशि काटी जानी थी और भुगतान पूर्ण होने पर मकानों की रजिस्ट्री उनके नाम की जानी थी। आरोप है कि कई कर्मचारियों की पूरी राशि कट चुकी है, लेकिन आज तक उन्हें मालिकाना हक नहीं मिला। वहीं रहवासियों के अनुसार 1.5 लाख रुपये के लगभग राशि वे पहले ही जमा कर चुके है। रहवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि वेतन से काटी गई राशि संबंधित संस्था तक समय पर जमा नहीं की गई। बाद में श्रमिकों को मकान बचाने के लिए ब्याज सहित अतिरिक्त राशि जमा करनी पड़ी। इसके बावजूद रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। कई परिवार पिछले 45 वर्षों से इन मकानों में निवास कर रहे हैं, लेकिन अब उन्हें बेदखली और कुर्की का भय सता रहा है। रहवासी हेमंत के अनुसार न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत आगामी 27 जून को कुर्की की आशंका जताई जा रही है। उन्होंने हाउसिंग बोर्ड से आवंटन, पजेशन, विक्रय विलेख और किश्त अनुबंध सहित सभी मूल दस्तावेज सार्वजनिक करने की मांग की है, ताकि पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। रहवासी अल्पना तोमर ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड ने मकान बनाए थे, कंपनी ने पंजीयन श्रमिकों के नाम करवाए थे, हमारी मांग है कि मकानों के वैध दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएं और रजिस्ट्री उनके नाम कराई जाए। क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि रुपेश वर्मा ने कहा कि कुल 62 आवंटियों में से 22 लोगों की रजिस्ट्री हो चुकी है, जबकि शेष मामलों में वर्षों से स्थिति स्पष्ट नहीं की जा रही है। उनका कहना है कि पुराने दस्तावेज सामने आने पर पूरे विवाद की सच्चाई उजागर हो सकती है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान एक सप्ताह का समय मांगा है। उन्होंने मामले की जांच के लिए समिति गठित कर सभी पक्षों के दस्तावेजों का परीक्षण कराने तथा उचित समाधान निकालने का आश्वासन दिया है।



वहीं मामले में जब गजरा गियर्स कंपनी प्रबंधन के जेपी सिंह से संपर्क करना चाहा तो उन्होंने कहा कि में थोड़ी देर से आपसे बात करता हूं, दोबारा प्रयास करने पर कॉल अटेंड नहीं किया गया।

**हमारा कोई रोल नहीं**

हाउसिंग बोर्ड ने सभी 62 मकानों की एक मुश्त रजिस्ट्री गजरा गियर्स के नाम पर की है। अब उनकी सहमति से नामांतरण हो रहे है। इसमें हाउसिंग बोर्ड का कोई रोल नहीं है।

**दिवाकर देसाई,** सहायक यंत्री हाउसिंग बोर्ड देवास

# आदेश के बावजूद दो माह से नहीं हुआ नामांतरण

### पीड़ित ने लगाई जनसुनवाई में गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

ग्राम बरौठा निवासी मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर से मिलकर अपनी निजी भूमि के नामांतरण मामले में न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित का आरोप है कि कलेक्टर न्यायालय द्वारा स्पष्ट आदेश जारी किए जाने और 15 दिवस में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाने के बावजूद स्थानीय एसडीएम कार्यालय द्वारा करीब दो माह बीत जाने के बाद भी आदेश का पालन नहीं किया गया है। मनीष सिसोदिया ने बताया कि उनकी कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 118/1 रकबा 0.3320 हेक्टेयर राजस्व अभिलेखों में उनके नाम दर्ज है। इसके बावजूद राजस्व अधिकारियों द्वारा कथित रूप से बिना सूचना दिए भूमि का नामांतरण अन्य व्यक्तियों के नाम पर कर दिया गया।

मामले की शिकायत कलेक्टर न्यायालय में किए जाने पर जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि मूल आदेश भूमि सर्वे क्रमांक 118/2 से संबंधित था, लेकिन तत्कालीन नायब तहसीलदार द्वारा कथित त्रुटिपूर्ण तरीके से सर्वे क्रमांक 118/1 पर अमल आदेश पारित कर दिया गया। कलेक्टर न्यायालय ने मामले को गंभीर मानते हुए नायब तहसीलदार टप्पा बरौठा के आदेशों के क्रियान्वयन पर रोक लगाई थी तथा विभागीय जांच के निर्देश भी जारी किए थे। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) देवास को 15 दिवस के भीतर जांच कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए थे। पीड़ित का कहना है कि आदेश जारी होने के बाद भी अब तक उनकी भूमि का नामांतरण पुनः उनके नाम पर नहीं किया गया है।

उन्होंने जनसुनवाई में कलेक्टर को बताया कि मामला विचाराधीन होने के दौरान भी उन्हें कोई नोटिस या सूचना नहीं दी गई थी और राजस्व रिकॉर्ड में बदलाव कर दिया गया। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित एसडीएम से दूरभाष पर चर्चा की तथा न्यायालयीन आदेश के अनुरूप शीघ्र कार्रवाई कर नामांतरण प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। पीड़ित ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा उनकी भूमि को पुनः उनके नाम दर्ज करने की मांग की है।

# निगमायुक्त के निर्देश : 15 से पहले शहर के नालों की सफाई हो पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

आगामी वर्षाकाल में शहर में जलभराव की समस्या से बचाव के लिए नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे नाला सफाई अभियान का आयुक्त दलीप कुमार ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 27, 28, 29 एवं 30 में नालों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया।आयुक्त ने रेलवे स्टेशन क्षेत्र, उज्जैन रोड ब्रिज, नई आबादी से एबी रोड, कंजर मोहल्ला से एसबीआई बैंक तक तथा रविदास मोहल्ला से आनंद नगर नाले तक चल रहे सफाई कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को 15 जून से पूर्व सभी कच्चे एवं पक्के नालों की सफाई पूर्ण करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान वार्डों की सामान्य सफाई व्यवस्था भी देखी गई। आयुक्त ने सभी स्वच्छता निरीक्षकों एवं दरोगाओं को निर्देशित किया कि वार्डों में नियमित सफाई सुनिश्चित करें तथा खुले प्लॉटों में कचरा फेंकने पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करें।इसके अलावा वार्ड उपयंत्रियों को ऐसे जर्जर भवनों की पहचान करने के निर्देश दिए गए, जो बारिश के दौरान गिरने की आशंका रखते हैं और जन-धन की हानि का कारण बन सकते हैं। ऐसे भवनों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें हटाने की प्रक्रिया सुनिश्चित करने को कहा गया।



### उच्च स्तरीय समिति की बैठक आज होगी

**देवास।** समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में सुझाव एवं विचार प्राप्त करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक बुधवार 03 जून को मल्हार स्मृति मंदिर सभागृह देवास में दोपहर 03.30 बजे आयोजित होगी। बैठक में समिति के सदस्य, सांसद / विधायकगण, जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, शांति समिति के सदस्यगण, प्रबुद्ध नागरिक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल होंगे।इस दौरान समान नागरिक संहिता के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श कर सुझाव प्राप्त किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने सभी आमंत्रित प्रतिभागियों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव एवं विचार रखने का आग्रह किया है, ताकि व्यापक जनमत समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके।

# 70 लीटर महुआ शराब की तस्करी करते दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत थाना सिविल लाइन पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 70 लीटर महुआ से बनी कच्ची शराब जब्त की है। मुखबिर की सूचना पर प्रताप नगर रोड स्थित नाले के पास घेराबंदी कर पुलिस ने हरिओम नगर निवासी पीनू सिसौदिया (40) और विनोद कुशवाह उर्फ चाचू (45) को गिरफ्तार किया।आरोपियों के कब्जे से 35-35 लीटर शराब से भरी दो प्लास्टिक की केन, एक प्लेजर वाहन, एक की-पैड मोबाइल और 300 रुपये नकद बरामद किए गए। जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 10 हजार रुपये बताई गई है।

पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जिला जेल भेज दिया गया।उक्त सराहनीय कार्य में थाना सिविल लाइन निरीक्षक अमित सोलंकी, सउनि राकेश तिवारी, प्रआर संतोष रावत, सावित्री बामनिया, आर भरत मिलन यादव,मातादीन धाकड,अंतर सिंह परमार एवं म.आर आरती गोस्वामी की सराहनीय भूमिका रही।



# 21 गायकों की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं का मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

मां तुलजा भवानी एवं चामुंडा माता की नगरी देवास, जो कि शास्त्रीय संगीत जगत में स्व. कुमार गंधर्व एवं रज्जब अली खां साहब के नाम सेविख्यात है, वहां उभरते हुए रिदम म्यूजिकल ग्रुप द्वारा सांगीतिक आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन शहर के देवेंद्र पंडित, गंगासिंह सोलंकी एवं गायक विवेक कुमार धवले की उपस्थिति में किया गया। ग्रुप के मुखिया अजय सोलंकी के अथक प्रयासों से देवास और उज्जैन के सुरीली आवाज के धनी गायकों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

इसके पश्चात अजय सोलंकी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर आयोजन की शुरुआत की। वहीं भगवान गणेश को समर्पित भजन के साथ गीत-संगीत का सिलसिला आगे बढ़ा और देर तक चलता रहा। कार्यक्रम का संचालन गिरीश जाधव ने किया। आयोजन में कुल 21 गायक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। इनमें अजय सोलंकी, नवीन पुरोहित, सुजीत मालवीय, अनिल नायक, सुरेंद्र पांडे, शहजाद पठान, गुरमीत सिंह, विजय बहादुर सिंह राठौड़, अंकित, मनीष सावंत, जीवन बिजवा, डॉ. शिवनंदन वर्मा, गिरीश जाधव, मनीष जैन, महेंद्र लोहान, उमेश लश्करी, मुकेश परमार, तरुणसिंह, विनोद चौहान और सलीम शेख शामिल रहे।



### युवा महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब, राष्ट्रीय सचिव किरण ने एंबुलेंस देने की घोषणा

# राष्ट्रीय सचिव का स्वागत कर मां चामुंडा प्रतिमा व तलवार भेंट की






हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

मौनतीर्थ आश्रम, गंगा घाट, उज्जैन में युवा शिवसेना द्वारा आयोजित विशाल युवा महोत्सव, प्रदेश कार्यकारिणी बैठक एवं उज्जैन संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में शिवसैनिक एवं युवासैनिक शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव किरण साळी का इंदौर से देवास होते हुए उज्जैन आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। देवास में उनका मां चामुंडा की प्रतिमा एवं तलवार भेंट कर अभिनंदन किया गया। शिप्रा मार्ग से उज्जैन पहुंचने पर अमलतास क्षेत्र में जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह परमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद लगभग 50 से 100 वाहनों के काफिले के साथ वे कोयला फाटक पहुंचे, जहां वरिष्ठ नेता हितेश राज चौहान सहित कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

टावर चौक पर जिला अध्यक्ष लखन चौहान एवं जिला प्रभारी प्रवीण शर्मा ने 51 किलो की माला एवं क्रेन के माध्यम से भव्य स्वागत कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव किरण साळी, राज्य प्रमुख अनुराग सोनार एवं पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. सुमन गिरी जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा महाकाल के दर्शन एवं निरंजन आरती से हुई। विशाल सभा को संबोधित करते हुए युवा शिवसेना के राष्ट्रीय सचिव साळी ने समाजसेवा को संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए जरूरतमंदों की सहायता हेतु शिवसेना की ओर से एक एंबुलेंस उपलब्ध कराने की घोषणा की।

साळी ने कहा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, युवासेना मार्गदर्शक डॉ. श्रीकांत शिंदे एवं युवासेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुर्वेश सरनाईक के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में शिवसेना एवं युवा शिवसेना का व्यापक विस्तार किया जाएगा। संगठन नई ऊर्जा, नई कार्यशैली और नए संकल्प के साथ प्रदेश के प्रत्येक जिले एवं विधानसभा स्तर तक अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगा। उज्जैन संभाग के अंतर्गत विभिन्न जिलों में समाजसेवा के तहत 4 एंबुलेंस सेवा की प्रथम शुरुआत उज्जैन से की जाएगी, जिसकी विधिवत शुरुआत बाबा महाकाल के आशीर्वाद से होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य प्रमुख अनुराग सोनार ने कहा कि मध्यप्रदेश में संगठन निरंतर विस्तार कर रहा है और कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय नेतृत्व से निरंतर सहयोग एवं मार्गदर्शन का आग्रह किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कार्यकारिणी बैठक एवं कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों एवं रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें दिनेश विश्वकर्मा, रोहित शर्मा, सुनील वर्मा, हितेश राज चौहान, राजेश पटेल, देवकरण परमार, लखन चौहान, प्रवीण शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

# केले से सजा खेड़ापति सरकार का दरबार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

ज्येष्ठ माह के पांचवें बड़े मंगलवार के अवसर पर समस्त श्रद्धालुओं के सहयोग से शहर के प्रसिद्ध श्री खेड़ापति मारुति मंदिर में भगवान हनुमान का 801 किलो केले से भव्य एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया। केले के गुच्छों और हरियाली से सजे मंदिर का नजारा देखते ही बन रहा था। अनूठे श्रृंगार ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और दिनभर दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। महात्मा गांधी मार्ग स्थित मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन के तहत भगवान श्री खेड़ापति मारुति का अलौकिक श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर को भी केले, पुष्पों और प्राकृतिक सजावट से आकर्षक रूप दिया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान के मनोहारी स्वरूप के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

मंदिर के पुजारी पंडित दर्शन उपाध्याय ने बताया कि ज्येष्ठ माह के प्रत्येक बड़े मंगलवार पर भगवान का विशेष श्रृंगार एवं भव्य महाआरती आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में पांचवें बड़े मंगलवार को 801 किलो केले से विशेष सजावट की गई, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। श्रृंगार की भव्यता और धार्मिक वातावरण के बीच मंदिर परिसर जय श्री राम और जय बजरंगबली के जयघोषों से गूंजता रहा।

## बकरियां चराने गए युवक की कुएं में डूबने से मौत

**राजगढ़।** जिले के कालीपीठ थानाक्षेत्र एवं पचोर क्षेत्र में पानी में डूबने एवं जहर खाने से एक किशोर एवं एक युवक की मत्यु हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कालीपीठ निवासी 16 वर्षीय युवक निर्मल पिता पर्वत सिंह वर्मा बकरियां चराने जंगल गया हुआ था। जब निर्मल पंडितजी के कुएं के किनारे पानी पी रहा था इस दौरान उसका पैर फिसला और वो कुएं में जा गिरा जिसके चलते उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के शव को जिला अस्पताल लाया गया जहां से पीएम उपरान्त परिजनों को सौंप दिया गया। एक अन्य घटना पचोर कस्बे में घटित हुई। यहां जगदीश पिता नारायण शर्मा उम्र 35 वर्ष विासी प्रेस कॉलोनी ने जहर खा लिया। परिजनों द्वारा गंभीर हालत में जगदीश को पचोर अस्पताल भिजवाया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

### 11 लीटर क्षमता वाली बाइक के टैंक में भरना दर्शाया था 15 लीटर पेट्रोल

# बाइक मालिक से धोखाधड़ी, पंप संचालक पर 25 हजार का जुर्माना

### उपभोक्ता आयोग ने माना आवेदक के साथ हुई है धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

11 लीटर क्षमता पेट्रोल टैंक में 15 लीटर पेट्रोल भरना दर्शाने वाले पेट्रोल पंप संचालक पर उपभोक्ता फोरम ने 25 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया है। अपने साथ हुई इस धोखाधड़ी पर बाइक मालिक ने फोरम का दरवाजा खटखटाया था। तमाम सबूतों, दस्तावेज, बिलों के आधार पर फोरम ने उपभोक्ता के पक्ष में फैंसला सुनाया है।

#### क्या है पूरा मामला

एडवोकेट आबिद हसन ने बताया कि आवेदक शुभम वंशकार ने 1 मई 2024 को नरसिंहगढ़ बाईपास के वीर फ्यूल पंप से पेट्रोल भरवाया था। शुभम की बाईक के पेट्रोल टैंक की क्षमता 11 लीटर के करीब थी जबकि पंप के कर्मचारियों ने 15 लीटर पेट्रोल भरना बताते हुए 1634 रुपए का बिल दे दिया। जब, शुभम वंशकार ने पंप कर्मचारियों से निवेदन



किया कि उनकी बाईक के टैंक की क्षमता ही 11 लीटर है तो उसमें 15 लीटर पेट्रोल कैसे आ सकता है। इस पर पंप कर्मचारियों ने शुभम के साथ गाली-गलौज की गई।

#### अनुचित व्यापार प्रथा के विरोध में सुनाया फैसला

अपने साथ हुई इस धोखाधड़ी से आहत शुभम ने उपभोक्ता आयोग राजगढ़ का दरवाजा खटखटाते हुए एडवाकेट श्री हसन के जरिए वाद प्रस्तुत किया। आयोग अध्यक्ष सुरेश कुमार चैबे, सदस्य सुरेंद्र सक्सेना, सीमा सक्सेना ने दोनों पक्षों की सुनवाई करते हुए पंप संचालक को आदेशित किया है कि वह अनुचित व्यापार प्रथा का दोषी है एवं इसके लिए उसे आवेदक शुभम वंशकार को 25534 हजार रुपए का जुर्माना देना होगा। इस राशि में वाद-व्यय भी शामिल है जो आवेदन शुभम ने खर्च किए। उपभोक्ता हित से जुड़े इस फैंसले से एक बार फिर से जिले के उपभोक्ताओं में न्याय के प्रति विश्वास बढ़ा है।

#### पूर्व में भी आ चुके हैं उपभोक्ता हित से जुड़े फैसले

उपभोक्ता आयोग द्वारा ग्राहक के पक्ष में सुनाए गए इस फैंसले के अलावा पूर्व में भी उपभोक्ताओं के पक्ष में फैंसले सुनाए जा चुके हैं। तमाम दस्तावेजों, सबूतों के आधार पर यह फैसले सुनाए गए हैं। एडवोकेट एसोसिएशन ने ग्राहकों, उपभोक्ताओं से अपील की है कि यदि कोई दुकानदार उनके साथ धोखाघड़ी करता है तो वे उपभोक्ता आयोग में वाद प्रस्तत करें। न्याय अवश्य मिलता है।

आवेदक शुभम वंशकार ने उपभोक्ता आयोग राजगढ़ में वाद प्रस्तुत किया था। आयोग अध्यक्ष एवं सदस्यों ने सुनवाई के दौरान माना कि आवेदक के साथ धोखाघड़ी हुई है। इसी के चलते पेट्रोल पंप संचालक को 25 हजार रुपए आवेदक को बतौर जुर्माना देने के आदेश जारी हुए हैं।

### हादसे में पति और बच्चा घायल

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नेशनल हाईवे पर धनोरा के समीप हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसके पति और नाबालिग बच्चे को मामूली चोटें आई हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पूजा पति दीपक मोंगिया अपने पति एवं बच्चे के साथ बाइक से शाजापुर से अपने ग्राम छायन जा रही थीं। इसी दौरान धनोरा के पास नेशनल हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर लाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद पूजा मोंगिया को मृत घोषित कर दिया। वहीं पति दीपक मोंगिया एवं उनके बच्चे को हल्की चोटें आने पर उपचार प्रदान किया गया। महिला की मौत की सूचना अस्पताल द्वारा पुलिस को दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आवश्यक कार्रवाई के बाद महिला का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

### डॉ. बशीर बद्र को साहित्यकारों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**विदिशा।** देश के प्रख्यात उर्दू शायर डॉ. बशीर बद्र के निधन पर सुलेखा साहित्य कला परिषद के तत्वावधान में नगर के वरिष्ठ शायर निसार मालवी के निवास पर शोकसभा हुई। नगर के साहित्यकारों और शायरों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। परिषद अध्यक्ष संतोष शर्मा 'सागर' ने कहा कि डॉ. बशीर बद्र ने अपनी शायरी से पांच दशकों तक लोगों के दिलों पर राज किया।

## अहिल्याबाई जयंती पर धनगर समाज ने निकाला जुलूस, किया प्रसाद वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

धनगर समाज मोहल्ला पछेटवाड़ी द्वारा रविवार को लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजजनों ने भव्य जुलूस निकालकर प्रसाद वितरण किया तथा उनके आदर्शों को स्मरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत पछेटवाड़ी क्षेत्र में स्थित समाज परिसर से हुई। यहां समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं और युवाओं ने अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात श्रद्धा और भक्ति के माहौल में जुलूस निकाला गया, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए देव कुआं महादेव मंदिर पहुंचा। जुलूस में महिला, पुरुष एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समाजजन हाथों में ध्वज लिए हुए चल रहे थे तथा अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों का गुणगान कर रहे थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने अपने शासनकाल में न्याय, सेवा, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। उन्होंने देशभर में अनेक मंदिरों, धर्मशालाओं और जनहितकारी निर्माण कार्यों को बढ़ावा देकर समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके जीवन से समाज को सेवा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा की सीख मिलती है। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित श्रद्धालुओं एवं समाजजनों को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में संदीप धनगर,अशोक धनगर, श्याम धनगर,मुकेश धनगर,विरु धनगर,कालू धनगर सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिलाएं, युवा एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### नेवज के बड़े पुल के नजदीक की घटना

## गियर सटकने से अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक, टला हादसा



**राजगढ़।** एनएच-52 पर नेवज नदी की बड़े पुल के ऊपर गियर सटकने से एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलटी मार गया। गनीमत से घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक एमपी-17 एचएच-4137 राजगढ़ से ब्यावरा तरफ जा रहा था। इस दौरान जैसे ही ट्रक ने बड़े पुल को क्रॉस किया और होमगार्ड ऑफिस की घाटी चड़ने लगा तो ट्रक के गियर सटक गए और वो रिवर्स आकर घांटी पर पलट गया। घटना के बाद आसपास एकत्रित लोगों ने आंशिक घायल चालक की सुध ली और उसे पानी वगैरह पिलाया। दुर्घटना में चालक को मामूली चोंटें आई हैं।

## सकारात्मक परिणाम: गत वर्ष से 6 लाख क्विंटल ज्यादा हुआ गेहूं का उत्पादन

### मोहनपुरा बांध के चलते हर साल बढ़ रहा सिंचाई का रकबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले की वृहद सिंचाई परियोजना मोहनपुरा बांध से किसानों की तकदीर निश्चित रूप से संवरी है। यह सिर्फ एक उक्ति और कागजी आंकड़ा नहीं बल्कि हकीकत है। जिले में इस वर्ष गेहूं का रिकॉर्ड तोड़ उत्पादन हुआ है। गेहूं उत्पादन का आंकड़ा साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है क्योंकि सिंचाई के रकबे में हर साल बढ़ोतरी हो रही है।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष जिले के 108 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 72 हजार 565 किसानों से समर्थन मूल्य पर कुल 44 लाख 55 हजार 784 क्विंटल एफएक्यू (गुणवत्ता पूर्ण) गेहूं का उपार्जन किया गया। उपार्जित गेहूं का कुल मूल्य लगभग 1169.64 करोड़ रुपए रहा। जबकि गत वर्ष यानिकी साल 2025-26 में 52 हजार 176 किसानों से 38 लाख 23 हजार 862 क्विंटल गेहूं का उपार्जन किया गया था, जिसकी राशि 994.20 करोड़ रुपए थी। इस प्रकार वर्ष 2026-27 में जिले में गत वर्ष की तुलना में 20 हजार 389 अधिक किसानों ने उपार्जन केंद्रों पर गेहूं विक्रय किया तथा 6 लाख 31 हजार 922 क्विंटल अधिक गेहूं की खरीदी की गई।



#### रिकॉर्ड तोड़ खरीदी में अमले का योगदान

कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा पूरे उपार्जन कार्य की नियमित समीक्षा की गई तथा किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। परिणामस्वरूप जिले में उपार्जन कार्य सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिले में हुई रिकॉर्ड गेहूं खरीदी को किसानों के विश्वास, प्रशासन की सतत निगरानी तथा समन्वित कार्यप्रणाली का सकारात्मक परिणाम माना जा रहा है।

## 8 भैंसों की मौत, पशुपालकों में चिंता



**सारंगपुर।** नगर के पटेलवाड़ी क्षेत्र में रविवार को एक दुखद घटना सामने आई, जहां अज्ञात कारणों के चलते 8 पालतू भैंसों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही भैंस मालिक शाहिद पटेल, हाफिज पटेल एवं जहूर पटेल मौके पर पहुंचे। अचानक हुई इस घटना से पशुपालकों में चिंता और हड़कंप की स्थिति बन गई।

जानकारी के अनुसार सभी भैंसें सामान्य रूप से चरने गई थीं, लेकिन कुछ समय बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और देखते ही देखते 8 भैंसों की मौत हो गई। भैंस मालिकों ने बताया कि उन्हें मौत के वास्तविक कारणों की जानकारी नहीं मिल सकी है। घटना के बाद क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार भैंसों द्वारा हरी चरी (हरा चारा) खाने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ी थी, जिसके चलते जहरीले चारे या किसी विषैले पदार्थ के सेवन की आशंका जताई जा रही है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। एक साथ 8 भैंसों की मौत से पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं पशु चिकित्सा विभाग से मामले की जांच कर मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने तथा प्रभावित पशुपालकों को उचित सहायता प्रदान करने की मांग की है। फिलहाल क्षेत्र में घटना को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है।

### रिनिया में 8 जून से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**विदिशा।** ग्राम रिनिया स्थित भैरों बाबा मंदिर प्रांगण में 8 जून से 14 जून तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा।



कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक प्रसिद्ध कथावाचक पंडित अरविंद कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद से होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 8 जून को सुबह 9 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल होंगे। कथा आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण का लाभ लेने की अपील की है।

### नटेरन-मियांखेड़ी मार्ग पर हादसा

## आंधी से लटके बबूल के पेड़ से टकराई बाइक, 25 वर्षीय युवक की मौके पर मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नटेरन

नटेरन से मियांखेड़ी मार्ग पर रविवार शाम एक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। रात में चली आंधी के कारण सड़क पर झुके बबूल के पेड़ से बाइक सवार तीन युवक टकरा गए। दर्दनाक हादसे में एक 25 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। तीनों युवक नटेरन के निवासी हैं।

#### मियांखेड़ी चौराहे से लौटते समय हुआ हादसा

रविवार शाम करीब 7 बजे नटेरन निवासी पप्पू 25 वर्ष पिता गुड्डा बसोर, अपने दो साथियों राजा 18 वर्ष पिता अमान सिंह पाल और नीलू 18 वर्ष पिता अरविंद अहिरवार के साथ बाइक से मियांखेड़ी चौराहे से वापस अपने घर नटेरन लौट रहे थे। इसी दौरान कल रात आई तेज आंधी के कारण सड़क पर लटके बबूल के पेड़ से उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सीधे टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पप्पू बसोर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नटेरन थाना प्रभारी मोहर सिंह मंडेलिया हमराह बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए की मदद से दोनों गंभीर रूप से घायल युवक राजा और नीलू को तत्काल नटेरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका उपचार चल रहा है।

## नल जल योजना से मलावर में खुशी की लहर, ग्रामीणों की पेयजल समस्या का हुआ हल



**राजगढ़।** जनपद पंचायत ब्यावरा के ग्राम मलावर के लिए बीता दिन बहुत बढ़िया रहा। जल निगम की पाइप लाइन से नल जल योजना को जोड़े जाने के बाद गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। भीषण गर्मी में अब हर घर को शुद्ध पेयजल मिल रहा है। यह काम जिला कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा और जिला पंचायत सीईओ इच्छित गड़पाले के मार्गदर्शन में पूरा हुआ। कार्यपालन यंत्री एच एस बामनिया व जल निगम महाप्रबंधक उमाकांत चौधरी के विशेष सहयोग से इसे गति मिली। पीएचई विभाग के एसडीओ देवेन्द्र सिंह गौंड और उनकी टीम ने ग्रामीणों की परेशानी को समझते हुए तेजी से काम किया। ग्रामीणों के सहयोग और सरपंच प्रतिनिधि रोड जी के भरपूर साथ से विभाग को बड़ी सफलता मिली।

#### पहले पानी के लिए दूर जाना पड़ता था

पहले पानी के लिए दूर जाना पड़ता था। अब नल से साफ पानी आ रहा है, ये हमारे लिए बहुत बढ़िया सौगात है।

### सड़कों पर भरा पानी, मक्का के दाने बराबर गिरे ओले, गर्मी से राहत

# प्री-मानसून की पहली जोरदार बारिश हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर सहित क्षेत्र में सोमवार दोपहर प्री-मानसून की पहली जोरदार बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया। करीब एक घंटे से अधिक समय तक हुई तेज बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति भी बन गई। बारिश के दौरान लगभग 10 मिनट तक मक्का के दाने के बराबर ओले भी गिरे, जिससे मौसम सुहावना हो गया। सोमवार सुबह क्षेत्र का अधिकतम तापमान करीब 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश के बाद तापमान में करीब 9 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई और पारा 33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इससे लोगों ने गर्मी और उमस से बड़ी राहत महसूस की।



**हाइवे पर भरा पानी, यातायात प्रभावित:** तेज बारिश के कारण नेशनल हाईवे-52 पचोर क्षेत्र में करीब दो फीट तक पानी भर गया। सड़क पर पानी जमा होने से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई वाहन पानी के बीच से सावधानीपूर्वक गुजरते नजर आए। कुछ समय के लिए यातायात की रफ्तार भी प्रभावित हुई, हालांकि किसी बड़े हादसे की सूचना नहीं मिली।

**नालियां जाम, सड़कों पर फैला पानी:** सारंगपुर और पचोर नगर के कई क्षेत्रों में नालियों की सफाई नहीं होने के कारण जल निकासी व्यवस्था प्रभावित हो गई। नालियां जाम होने से बारिश का पानी सड़कों और रहवासी इलाकों में भर गया। कई स्थानों पर घरों और दुकानों के सामने पानी जमा होने से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

#### किसानों के लिए लाभदायक बारिश

बारिश के साथ चली ठंडी हवाओं ने वातावरण को खुशनुमा बना दिया। किसान भी इस बारिश से उत्साहित नजर आए। किसानों का कहना है कि प्री-मानसून की यह बारिश खरीफ फसलों की तैयारी के लिए लाभदायक साबित होगी। खेतों में नमी बढ़ने से बोवनी की तैयारियों को गति मिलेगी।

#### आगे भी बारिश के आसार

मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में क्षेत्र में बादल छाए रहने तथा गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। प्री-मानसून की इस पहली अच्छी बारिश ने जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी, वहीं नगर की जल निकासी व्यवस्था की कमियों को भी उजागर कर दिया।

### हल्की बूंदाबांदी के साथ बिजलियां भी चमकी

## दिन में कई बार बदले मौसम के मिजाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



बीते करीब डेढ़ माह से भीषण गर्मी से हलाकान लोगों को अब जाकर कहीं थोड़ी राहत मिली है। नौतपे की गर्मी से झुलसे लोग दो दिनों से मौसम में आए बदलाव से राहत की सांस ले रहे हैं। सोमवार को भी मुख्यालय सहित जिले के अनेक क्षेत्रों में हवा, आंधी, तूफान के साथ बिजलियां चमकी और हल्की बूंदाबांदी ने वातावरण में ठंडक घोल दी।

सोमवार सुबह से दोपहर तक अलबत्ता लोग भीषण गर्मी से परेशान थे लेकिन दोपहर 1 बजे बाद मौसम ने अचानक करवट बदली और आसमान में बादल छा गए। कुछ देर तक आंधी और हवा के साथ बिजलियां भी चमकी और बाद में हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। हालांकि, मौसम विभाग ने पूर्व से ही राजगढ़ समेत अन्य जिलों में इस बात की संभावना व्यक्त कर दी थी। इस आंधी, तूफान के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में कईं जगह पेड़ धराशाही हो गए वहीं लोगों के घरों की चद्दरें भी उड़ गईं। अगले दो-तीन दिनों तक इसी तरह का मौसम रहने की संभावना विभाग ने व्यक्त की है वहीं लोगों से भी सतर्क रहने का अलर्ट जारी किया गया है ताकि आंधी, तूफान से जनहानि न होने पाए।

#### जल्दी आ सकता है मानसून

राजगढ़ जिले में जून के अंतिम सप्ताह में मानसून दस्तक दिया करता है लेकिन इस बार उसकी जल्दी आमद की संभावना नजर आ रही है। मौसम विभाग के अनुसार जून के दूसरे सप्ताह में मानसून की पहली बारिश होने की उम्मीद है।